**केन्द्रीय विद्यालय संगठन, मुम्बई संभाग**

**द्वितीय पूर्व परिषदीय परीक्षा (2025-26)**

**कक्षा - दसवीं**

**विषय - हिंदी पाठ्यक्रम 'अ' (कोड - 002)**

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश -**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :

- इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं | सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
- इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं - क, ख, ग, घ |
- खंड - क में कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 10 है |
- खंड - ख में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |
- खंड - ग में कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 21 है |
- खंड - घ में कुल 4 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं |
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए |

| **प्रश्न संख्या** | **खंड-क (अपठित बोध)** | **अंक (14)** |
|---|---|---|

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (7)

समय निरंतर गतिमान है, इसे रोकना असंभव है। राजा हो या रंक, संत हो या सामान्य प्राणी, अमीर हो या गरीब सभी को समय अपने आगोश में समेट लेता है। समय की कीमत न पहचानने वाले समय बीत जाने पर सिर धुनते रह जाते हैं इसलिए हमें समय का मूल्य समझना चाहिए। साथ ही समयानुसार काम भी करना चाहिए। जीवन की यह कुंजी है। यूनान के दार्शनिक अरस्तू ने कहा है- " प्रत्येक व्यक्ति को उचित समय पर, उचित व्यक्ति से, उचित मात्रा में, उद्देश्य के लिए, उचित ढंग से व्यवहार करना चाहिए।" वास्तव में एक-एक क्षण से प्रत्येक प्राणी का संबंध रहता है, परंतु प्रत्येक व्यक्ति उसका महत्व समझता नहीं है। अधिकतर व्यक्ति सोचते हैं कि कोई अच्छा समय आएगा तो काम करेंगे। इस दुविधा व उधेड़बुन में वे जीवन के अनेक अमूल्य क्षणों को खो देते हैं। वे दिनों, महीनों, वर्षों को किसी शुभ

क्षण की प्रतीक्षा में बिता देते हैं किंतु ऐसा क्षण किसी के जीवन में कभी नहीं आया। कभी किसी व्यक्ति को बिना हाथ पाँव हिलाए संसार की बहुत बड़ी संपत्ति छप्पर फाड़ कर नहीं मिलती। समय उन्हीं के रथ के घोड़े को हाँकता है जो भाग्य के भरोसे बैठना पुरुषार्थ का अपमान समझते हैं । वास्तव में मनुष्य जिस समय को चाहे शुभ क्षण बना सकता है। आवश्यकता श्रम और समय की परख की है । जो व्यक्ति श्रम और पारखी होता है लक्ष्मी भी उसी का वरण करती है। जीवन में असफलता का कारण दुर्भाग्य नहीं होता अपितु समय को गलत समझने की भूल होती है।

**(क) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:** 1

कथन (A): समय को रोकना असंभव है ।

कारण (R):समय निरंतर गतिमान रहता है ।

i. कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**(ख) कथन के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-** **1**

जीवन की कुंजी के लिए व्यवहार करना चाहिए ।

I. प्रत्येक व्यक्ति को उचित समय पर
II. उचित व्यक्ति से
III. उचित मात्रा में

विकल्प -

i. कथन I और II सही हैं।
ii. कथन I और III सही हैं।
iii. केवल कथन I सही है।
iv. कथन I, II और III सही हैं।

**(ग) नीचे दिए हुए कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कर सही विकल्प का चयन कीजिए -** 1

| कॉलम 1 | कॉलम 2 |
|---|---|
| I समय निरंतर | 1 - लक्ष्मी भी उसी का वरण करती है। |
| II जो व्यक्ति श्रमी और पारखी होता है | 2 - गतिमान है । |
| III उचित ढंग से | 3 - व्यवहार करना चाहिए |

i. I(3), II(2), III(1)
ii. I(1), II(2), III(3)
iii. I(3), II(1), III(2)
iv. I(2), II(1), III(3)

**(घ)** **समय का महत्व न समझने वाले अधिकतर व्यक्तियों की क्या दशा होती है**? 2

**(ङ)** **समय किन लोगों के रथ के घोड़ों को हाँकता है**? 2

| | | |
|---|---|---|
| **2.** | **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** | 7 |

कोई खंडित, कोई कुंठित,
कृश बाहु, पसलियाँ रेखांकित,
टहनी-सी टाँगें, बढ़ा पेट,
टेढ़े मेढ़े, विकलांग घृणित !

विज्ञान चिकित्सा से वंचित,
ये नहीं धात्रियों से रक्षित,
ज्यों स्वास्थ्य सेज हो, ये सुख-से
लोटते धूल में चिर परिचित !

पशुओं-सी भीत मूक चितवन,
प्राकृतिक स्फूर्ति से प्रेरित मन,
तृण तरुओं-से उग-बढ़, झर-गिर,
ये ढोते जीवन क्रम में क्षण !

कुल मान न करना इन्हें वहन,
चेतना ज्ञान से नहीं गहन,
जग जीवन धारा में बहते
ये मूक, पंगु बालू के कण !

**1) प्रस्तुत काव्य-पंक्तियों में वर्णन किया गया है-** **1**

(क) गाँव के बच्चों में कुपोषण की समस्या

(ख) गाँव के बच्चों में चेतना ज्ञान का अभाव

(ग) गाँवों में चिकित्सा सुविधाओं का अभाव

(घ) गाँव के बच्चों की दयनीय दशा का वर्णन

**(2) आरंभिक पंक्तियों में कवि कहना चाह रहे हैं कि-** **1**

(क) गाँव में विज्ञान की शिक्षा नहीं दी जा रही है।

(ख) गाँव में शिशु जन्म हेतु पर्याप्त दाइयों नहीं हैं।

(ग) गाँव में बच्चे स्वास्थ्य के प्रति सजग रहकर शारीरिक व्यायाम कर रहे हैं।

(घ) गाँव में बच्चे अपने मित्रों के साथ धूल में कुश्ती जैसे खेल खेल रहे हैं।

**(3) कथन (A) और कारण (R) पर विचार करते हुए सही विकल्प चुनिए- 1**

कथन (A): कवि बच्चों की दशा की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं।

कारण (R): वे बच्चों की शारीरिक व मानसिक दशा से संतुष्ट प्रतीत होते हैं।

(क) कचन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(ख) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) व कारण (R) सही है और कथन (A), कारण (R) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) व कारण (R) सही हैं और कथन (A), कारण (R) की सही व्याख्या नहीं है।

(4) कवि के अनुसार गाँव के बच्चे किस चीज़ से वंचित है ? 2

(5) पशुओं-सी भीत मूक चितवन-इस पंक्ति का आशय है- 2

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड - ख (व्यावहारिक व्याकरण)** | 16 |

**3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** (1X4=4)

(क) वही पुराना बालाजी का मंदिर जहां बिस्मिल्लाह खान को नौबत खाने रियाज के लिए जाना पड़ता है (सरल वाक्य में लिखिए) - 1

(ख) पान वाले के लिए एक मजेदार बात थी लेकिन हालदार साहब के लिए चकित और द्रवित करने वाली। (मिश्र वाक्य में लिखिए) 1

(ग) भिखारी ने याचना की किंतु मैंने उसे पैसे नहीं दिए (सरल वाक्य में परिवर्तित कीजिए ) 1

(घ) सूर्योदय होते ही प्रकृति अपने मनोहारी रूप में दिखाई देने लगी। (सरल वाक्य में बदलें) 1

(ड) जिस वाक्य में एक मुख्य क्रिया होती है उसे क्या कहते हैं? 1

**4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए** :

(1X4=4)

(क) पंछी बाग छोड़कर नहीं उड़े |- (कर्मवाच्य में बदलिए) 1

(ख) जब क्रिया का सीधा सम्बन्ध कर्म से होता है, तब वहाँ कौन -सा वाच्य होता है? 1

(ग) सोहन से चला नहीं जाता | - (वाच्य का भेद लिखिए) 1

(घ)'नवाब साहब द्वारा जेब से चाकू निकला गया और खीरे छिलने शुरू कर दिए गए' (कर्तृवाच्य में बदले) 1

(ड) 'वह खट्टे फल खाना पसंद नहीं करता '? वाक्य का वाच्य बताइए 1

**5. निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए :** (1X4=4)

(क) हमारे आधुनिक जीवन शैली के कारण प्रदूषण और अधिक बढ़ रहा है | रेखांकित वाक्य का पद परिचय दीजिए | 1

(ख) उन्होंने कम से कम अपनी बेटी को तो अच्छी शिक्षा दी रेखांकित पद का परिचय क्या होगा 1

(ग) वह सर झुका कर धोती के सिरे से आंखें पूछने लगा रेखांकित पद का परिचय क्या है 1

(घ) पापा तो आज सुबह-सुबह टहलने चले गए रेखांकित पद का परिचय क्या है 1

(ङ) हम यहां पहरा देंगे ताकि आप चैन की नींद सो सके रेखांकित पद का परिचय क्या होगा 1

**6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों की अलंकार पहचान कर लिखिए :** (1X4=4)

(क) 'हिम कणों से पूर्ण मानो हो गए पंकज नए ।' -(अलंकार का नाम लिखिए ) 1

(ख) एक दिन बोला यूं पुष्प डाल से ,लगते हैं, कुछ हाल तुम्हारे निडाल से। -(अलंकार का नाम लिखिए ) 1

(ग) ‘जिनकी अरुण कपोलों की मतवाली सुंदर छाया में अनुरागिनी उषा लेती थी निजी सुहाग मधुमाया में - (अलंकार का नाम लिखिए )- 1

(घ) बढ़त देखि जल सम वचन बोले रघुकुलभानु। -(अलंकार का नाम लिखिए ) 1

(ङ) जान पड़ता है नेत्र देख बड़े-बड़े हीरो में गोल नीलम है जड़े-1 (अलंकार का नाम लिखिए ) 1

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड (ग) (पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक)** | 30 |

**7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :** (1X5=5)

शहनाई के इसी मंगलध्वनि के नायक बिस्मिल्ला खाँ साहब अस्सी बरस से सुर माँग रहे हैं। सच्चे सुर की नेमत। अस्सी बरस की पाँचों वक्त वाली नमाज इसी सुर को पाने की प्रार्थना में खर्च हो जाती है। लाखों सजदे, इसी एक सच्चे सुर की इबादत में खुदा के आगे झुकते हैं। वे नमाज के बाद सजदे में गिड़गिड़ाते हैं- 'मेरे मालिक एक सुर बख्श दे। सुर में वह तासीर पैदा कर कि आँखों से सच्चे मोती की तरह अनगढ़ आँसू निकल आएँ।' उनको यकीन है. कभी खुदा यूँ ही उन पर मेहरबान होगा और अपनी झोली से सुर का फल निकालकर उनकी ओर उछालेगा, फिर कहेगा, ले जा अमीरुद्दीन इसको खा ले और कर ले अपनी मुराद पूरी। अपने ऊहापोहों से बचने के लिए हम स्वयं किसी शरण, किसी गुफ़ा को खोजते हैं जहाँ अपनी दुश्चिताओं, दुर्बलताओं को छोड़ सकें और वहाँ से फिर अपने लिए एक नया तिलिस्म गढ़ सकें।

**(क) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :** 1

कथन (A) : मंगल कार्यों और विवाह समारोह में शहनाई बजाई जाती है।

कारण (R) : शहनाई से मंगल ध्वनि उत्पन्न होती है।

i. कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

iv. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**(ख) बिस्मिल्ला खाँ कितने वर्षों से शहनाई बजा रहे थे?** 1

i. बीस वर्षों से
ii. तीस वर्षों से
iii. पचास वर्षों से
iv. अस्सी वर्षों से

**(ग) बिस्मिल्ला खाँ सच्चा सुर मांगने के लिए करते हैं।** 1

I. खुदा की इबादत करते हैं
II. सजदे करते हैं
III. स्नान करते हैं

विकल्प -

i. कथन II और III सही हैं।
ii. कथन I और II सही हैं।
iii. केवल कथन III सही है।
iv. कथन I, II और IV सही हैं।

**(घ) अपने ऊहापोहों से बचने के लिए करते हैं** 1

I. स्वयं किसी शरण में जाना
II. किसी गुफ़ा को खोजते हैं
III. दुर्बलताओं को छोड़ते हैं

विकल्प -

i. कथन II और III सही हैं।
ii. कथन I, II और III सही हैं।
iii. केवल कथन III सही है।
iv. कथन II और I सही हैं।

**(ङ) बिस्मिल्ला खाँ की इच्छा क्या थी?** 1

i. अच्छी से अच्छी शहनाई बजाना
ii. अच्छे कपड़े पहनना
iii. अच्छे घर में रहना
iv. अच्छा खाना खाना भजन

**8. निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए :** (2X3=6)

(क) सेनानी न होते हुए भी चश्मेवाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे?

(ख) लेखक को नवाब साहब के किन हाव - भावों से महसूस हुआ कि वे उनसे बातचीत करने के लिए तनिक भी उत्सुक नहीं हैं ?

(ग) लेखिका के व्यक्तित्व पर किन-किन व्यक्तियों का किस रूप में प्रभाव पड़ा ? मेरे बचपन के दिन पाठ के आधार पर बताए

(घ) आज के युवाओं को बिस्मिल्ला खां के चरित्र से क्या सीख लेनी चाहिए ?

**9. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :** (1X5=5)

बिहसि लखनु बोले मृदु बानी। अहो मुनीसु महाभट मानी।।
पुनि पुनि मोहि देखाव कुठारु। चहत उड़ावन फूँकि पहारू॥
इहाँ कुम्हड़बतिया कोउ नाहीं। जे तरजनी देखि मरि जाहीं॥
देखि कुठारु सरासन बाना। मैं कछु कहा सहित अभिमाना॥
भृगुसुत समुझि जनेउ बिलोकी।जो कछु कहहु सहौं रिस रोकी।
सुर महिसुर हरिजन अरु गाई। हमरे कुल इन्ह पर न सुराई।
बधें पापु अपकीरति हारें। मारतहू पा परिअ तुम्हारें।
कोटि कुलिस सम बचनु तुम्हारा। ब्यर्थ धरहु धनु बान कुठारा॥

**(क) काव्यांश की प्रथम दो पांक्तियों में वक्ता और श्रोता कौन है?**

कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए 1

I. लक्ष्मण - परशुराम
II. परशुराम - लक्ष्मण
III. राम - लक्ष्मण

विकल्प -

i. कथन I और II सही हैं।
ii. कथन I, II और III सही हैं।
iii. केवल कथन I सही है।
iv. कथन I, और IV सही हैं।

**(ख) इहाँ कुम्हड़बतिया कोउ नाहीं।** **1**

**कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए -**

I. राम-लक्ष्मण अशक्त नहीं हैं

II. राम-लक्ष्मण कमजोर हैं

III. परशुराम अशक्त हैं

विकल्प -

I. कथन I और II सही हैं।

II. कथन I, II और III सही हैं।

III. केवल कथन I सही है।

IV. कथन I, और III सही हैं।

**(ग) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :** **1**

कथन (A) : सुर महिसुर हरिजन और गाय का वध क्यों नहीं करते।

कारण (R) अगर इनका वध करते हैं तो पाप और अपकीर्ति मिलती है।

i. कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

iv. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**(घ) राम लक्ष्मण परशुराम संवाद रामचरितमानस के किस कांड से लिया गया है?** **1**

i. अयोध्या कांड

ii. सुंदरकांड

iii. लंका कांड

iv. बाल कांड

**(ङ) लक्ष्मण अनुसार परशुराम के वचन किसके समान कठोर है ?** **1**

i. वज्र के समान

ii. पत्थर के समान

iii. लोहे के समान

iv. किसी के समान नहीं

**10 निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए**

(2X3=6)

(क) कृष्ण के प्रति अपने अनन्य प्रेम को गोपियों ने किस प्रकार अभिव्यक्त किया है?

(ख) 'अट नहीं रही है' कविता की अंतिम पंक्तियों (पत्तों से लदी डाल...पाट-पाट शोभा श्री, पट नहीं रही है) के आधार पर लिखिए कि प्रकृति की शोभा श्री (सुन्दरता) फागुन में कैसे अपना रंग-रूप बदलती है?

(ग) फ़सल को 'हाथों के स्पर्श की गरिमा' और 'महिमा' कहकर के कवि क्या व्यक्त करना चाहता है?

(घ) 'आत्मकथ्य' में कवि आत्मकथा न लिखने के लिए जिन तर्कों का सहारा ले रहा है उनमें से किन्हीं दो उल्लेख कीजिए|

**11. पूरक पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए:** (4X2=8)

(क)देश की सीमा पर बैठे फौजी किस तरह की कठिनाइयों से जूझते हैं ? हमारा उनके प्रति क्या उत्तरदायित्व होना चाहिए ? "साना-साना हाथ जोडी "पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए |

(ख) 'माता का अँचल' पाठ में ग्रामीण परिवेश के चित्रण को दर्शाते हुए पाठ के आधार पर शहरी और ग्रामीण जीवन के अंतर को स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर लेखक ने अपने आप को हिरोशिमा के विस्फोट का भोक्ता कब और कैसे महसूस किया?

| | | |
|---|---|---|
| | खंड- घ (रचनात्मक लेखन ) | 20 |

**12.निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-** **(6X1=6)**

**(क) राष्ट्र के प्रति विद्यार्थियों का कर्तव्य**

- सुरक्षित राष्ट्र की कामना
- विद्यार्थी का कर्तव्य
- कर्तव्य निष्ठा
- संकटों में सहायक
- राष्ट्र प्रेमी विद्यार्थी

**(ख) परहित सरिस धर्म नहिं भाई**

- मनुष्यता की कसौटी
- जीवन की सार्थकता

- परोपकार से आनंद की अनुभूति।

**ग) जनसंख्या की समस्या**

- जनसंख्या वृद्धि के कारण,
- देश की प्रगति में बाधक,
- प्रचलित अंधविश्वास,
- आर्थिक विकास में बाधा,
- जनसंख्या नियंत्रित करने के उपाय

13. इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर क्राइम में भी बहुत वृद्धि हुई है इस बारे में छोटी बहन /छोटे भाई को सतर्क करने के लिए लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखें।

(5X1=5)

**अथवा**

अपने क्षेत्र के युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना हेतु मुख्यमंत्री को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।

14. मार्केटिंग एक्सक्यूटिव पद के लिए अपना एक आकर्षक स्ववृत तैयार करें ।

(5X1=5)

**अथवा**

आप सुमन / सुशील हैं | पिछले दो दिनों से विद्यालय नहीं गए हैं |अतः अपनी अनुपस्थिति के कारण बताते हुए प्राचार्य महोदय को लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए

15. आपके नगर में मिठाई की एक नई दुकान खुली है । इसके प्रचार के लिए लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए |

(4X1=4)

**अथवा**

आप अपनी छोटी बहन के जन्मदिवस पर शुभकामना हेतु बधाई संदेश लगभग 40 शब्दों में लिखिए।